# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 24.05.2025

## थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से आलाकत्ल (एक बांस की लाठी) बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना सरायममरेज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-072/2025 धारा-115(2)/352/351(2) भा0न्या0सं0 व बढ़ोत्तरी धारा-105 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आनन्द कुमार गौतम पुत्र संतलाल गौतम निवासी ग्राम कटेहरी थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-24.05.2025 को थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कटेहरी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त की निशांदेही पर घटना मे प्रयुक्त 01 आलाकत्ल (बांस की लाठी) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के पश्चात नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि आनन्द पुत्र सन्तलाल व सन्तलाल पुत्र गया निवासीगण ग्राम कटेहरी थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा दिनांक-21.04.2025 की रात्रि करीब 09.00 बजे मिठाई लाल पुत्र जोखन के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए मार-पीट की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सरायममरेज पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-072/2025 धारा-115(2)/352/351(2) भा0न्या0सं0 बनाम सन्तलाल पुत्र गया व आनन्द कुमार गौतम पुत्र संतलाल निवासीगण ग्राम कटेहरी थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। ईलाज के दौरान मजरूब मिठाई लाल उपरोक्त की मृत्यु हो गयी, जिसके उपरान्त मुकदमा उपरोक्त में धारा-105 भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी करते

हुए दिनांक-05.05.2025 को अभियुक्त सन्तलाल पुत्र गया निवासी ग्राम कटेहरी थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज को  गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

आनन्द कुमार गौतम पुत्र संतलाल गौतम निवासी ग्राम कटेहरी थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 26 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-072/2025 धारा-115(2)/352/351(2) भा0न्या0सं0 व बढ़ोत्तरी धारा-105 भा0न्या0सं0 थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण-**

01 आलाकत्ल (बांस की लाठी)

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 राजकुमार यादव, थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज
2. उ0नि0 बलवन्त सिंह, थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज ।
3. उ0नि0 दीनानाथ राय, थाना सरायममरेज  कमिश्नरेट  प्रयागराज।
4. हे0का0 संतोष कुमार यादव, थाना सरायममरेज कमिश्नरेट  प्रयागराज।
5. का0 कमलेश साहनी, थाना सरायममरेज कमिश्नरेट  प्रयागराज।
6. का0 अनन्त चौधरी, थाना सरायममरेज कमिश्नरेट  प्रयागराज।

## थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के अभियोग का 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 98/2025 धारा 65(2) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट के वांछित/नामजद अभियुक्त रिंकू पुत्र सुरेश कुमार निवासी ग्राम सिकरा थाना माण्डा जनपद प्रयागराज को आज दिनांक-24.05.2025 को ग्राम सिकरा थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**संक्षिप्त विवरण-**

अवगत कराना है कि दिनांक-23.05.2025 को वादिनी द्वारा, खुद की नाबालिग पुत्री के साथ हैण्ड पम्प पर नहाते समय पड़ोस के रिंकू द्वारा दुष्कर्म की घटना कारित करने के संबंध में थाना माण्डा पर प्रार्थना पत्र दिया गया। उक्त प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 98/2025 धारा 65(2) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट बनाम रिंकू पुत्र सुरेश कुमार निवासी ग्राम सिकरा थाना माण्डा प्रयागराज के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। घटना से संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम के प्रयास से आज दिनांक-24.05.2025 को अभियुक्त रिंकू उपरोक्त को थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

रिंकू पुत्र सुरेश कुमार निवासी ग्राम सिकरा थाना माण्डा जनपद प्रयागराज, उम्र 19 वर्ष।

**संबंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 98/2025 धारा 65(2) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 शैलेन्द्र कुमार थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. का0 नीरज कुमार थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 कुलदीप चौधरी थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।